प्रेस नोट दिनांक 17.10.2024 जनपद प्रतापगढ़

थाना जेठवारा

-एसटीएफ प्रयागराज यूनिट व थाना जेठवारा पुलिस द्वारा 50 हजार रूपये का 01 ईनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार
-हत्या का प्रयास व मारपीट के अभियोग में वांछित ईनामिय अभियुक्त महफूज को पुलिस ने दबोचा-
-अभियुक्त हत्या का प्रयास जैसे धाराओं में थाना जेठवारा में कुल 04 अभियोग पंजीकृत हैं-
-आईजी रेन्ज महोदय श्री प्रेम गौतम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु घोषित किया गया था 50000/- रूपये का ईनाम-
-थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत गोकुला मोड़ ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया-

प्रतापगढ़।
दिनांक 21.06.2024 को वादी मुकदमा के छोटो भाई को जदवापुर भट्टे के पास चार पहिया सवार आरोपियों द्वारा एकराय होकर मारपीट व हत्या के प्रयास के प्रकरण में थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 150/24 अन्तर्गत धारा 147, 148, 307, 323, 504, 506 व 120बी भादवि बनाम 06 नामजद आले हसन, महफूज, रूस्तम, मेराज, सोहेल, रिजवान के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुकदमा उपरोक्त में आले हसन, मेराज, सोहेल व रिजवान, रुस्तम को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

–फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों रूस्तम व महफूज की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज द्वारा 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 150/24 अन्तर्गत धारा 147, 148, 307, 323, 504, 506 व 120बी भादवि में वांछित अभियुक्त महफूज की गिरफ्तारी हेतु इलेक्ट्रॉनिक /मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर सूचना संकलित कर निरन्तर सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2024 को एसटीएफ प्रयागराज टीम उ0नि0 रणेन्द्र कुमार सिंह व थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह थाना जेठवारा द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त मुकदमा में वांछित 50 हजार रूपये का ईनामिया 01 अभियुक्त महफूज पुत्र गयास उर्फ गयासुद्दीन निवासी ग्राम गोकुला थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत गोकुला मोड़ ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त मुकदमें से संबंधित अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम–
1- महफूज पुत्र गयास उर्फ गयासुद्दीन निवासी ग्राम गोकुला थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।

–ईनामिया अभियुक्त महफूज पुत्र गयास उर्फ गयासुद्दीन निवासी ग्राम गोकुला थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-
1- मु0अ0सं0 390/2019 अन्तर्गत धारा 427,504,506,323,342 भादवि थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।
2- मु0अ0सं0 423/2021 अन्तर्गत धारा 307,325,504,506 थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़
3- मु0अ0सं0 150/24 अन्तर्गत धारा 147, 148, 307, 323, 504, 506 व 120बी भादवि थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।
4- मु0अ0सं0 200/24 अन्तर्गत धारा 351(2,3) बी0एन0एस0 थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम –
उ0नि0 रणेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह हे०का हबीब सिद्दीकी, हे0का0 अमित कुमार शर्मा, हे0का0 विकास तिवारी, हे0का0 पुनित कुमार पाण्डेय, हे0का0 पंकज तिवारी, हे0का0 साजिद अली मय सरकारी वाहन संख्या UP32CG4611 चालक का0 रविकान्त सिंह व थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह मय उ0नि0 श्री गणेशदत्त पटेल मय हमराह का० सतीश पाल, का0 अर्पित त्रिपाठी, का0 दिनेश यादव, म0का0 रेखा थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।